विश्वविद्यालय में विविध सामग्री की आपूर्ति की वार्षिक दर संविदा जिसका यूबीएन **GSU2526GLRC00026** है, जारी की गई है। निविदाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/5178 वित नियंत्रक

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN

File No. 774-83 Date: 16-6.25

Notice Inviting Bid

Bid (E-NIT No. 01/2025-26) for Consultancy Work "Renewal of Roads & Construction of CD Work" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 01.07.2025. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 78.05 lacs.

UBN No. PWD2526A1368

1. PWD2526WSOB04810, 2. PWD2526WSOB04811, 3. PWD2526WSOB04812

(Chandra Prakash)
Executive Engineer
PWD Division Hindaun

DIPR/C/8311/2025

अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन देने आया एजेंट धरा

बीकानेर । पीसीपीएनडीटी के एक डिकॉय ऑपरेशन में अवैध रूप से पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। बीकानेर की टीम ने पीबीआई थाने की मदद से एक एजेंट को जयपुर में दबोचा। उसके पास से चीन निर्मित उच्च क्वालिटी की पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बरामद की गई है, जो वह 6 लाख रुपए में बेचने के लिए लाया था।

पीसीपीएनडीटी के बीकानेर शहर प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी और प्रभारी महेंद्र सिंह चारण ने इंटरनेट पर सर्च करके इस गिरोह से संपर्क साधा था। सोनोग्राफी मशीन के जानकार एक डॉक्टर को बोगस ग्राहक बनाया गया। गिरोह के एजेंट पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी 45 वर्षीय अमिताभ भादुरी से फर्जी तरीके से सोनोग्राफी मशीन खरीदने की डील 6 लाख में की। इस डील में दो महीने लग गए। जब यह पुख्ता हो गया कि वह 25 जून को जयपुर में डिलीवरी देगा तब उन्होंने इसकी सूचना एनएचएम निदेशक डॉ. अमित यादव और पीबीआई थाने के एएसपी हेमंत जाखड़ को दी।

अमिताभ 24 जून की शाम को ही ट्रेन से जयपुर आ गया। उसने बोगस ग्राहक को सूचना दे दी। वह रात रेलवे स्टेशन पर ही सोया। बुधवार को ग्राहक ने उसे सेंट्रल पार्क में बुलाया, जहां बीकानेर टीम ने एएसपी जाखड़ की मदद से भादुरी को पकड़ लिया। डॉ. चौधरी ने बताया कि मशीन हाईटेक है। रिजल्ट भी काफी अच्छे हैं, लेकिन देश में अवैध रूप से बेची जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि इस कार्य में अंतर्राष्ट्रीय गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह केरल और मणिपुर में भी मशीनें बेच चुका है। जयपुर पहुंचने के बाद भादुरी ने वॉट्सएप पर पश्चिम बंगाल में अपने बॉस को वॉयस मैसेज भी किया था।

एजेंट के पास मशीन को भारत लाने और बेचने का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। डॉ. चौधरी ने बताया कि मशीन के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। इसे एक ही स्थान पर रखकर सोनोग्राफी की जा सकती है। मशीन की जियो फेंसिंग होती है, जिससे इस पर नजर रखी जाती है। देश में अपंजीकृत पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बैन है, जबकि यह गिरोह इस तरह की मशीन चीन से खरीद कर दूसरे देशों के यातायात संसाधनों के माध्यम से भारत में लाते हैं। इसके बाद भारत के विभिन्न हिस्सों में बेच देते हैं। केवल एक छोटे सूटकेस में रखी जा सकने वाली इस कलर डॉप्लर मशीन के साथ अन्य आवश्यक सामान भी बेचा जा रहा है।

इस घटना के बाद पीबीआई पुलिस गिरोह की तलाश में जुट गई है। भादुरी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह यह मशीन लाइफ प्लस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के डॉ. आदित्य मुरारका से लेकर यहां बेचने आया था। एएसपी ने बताया कि संबंधित थानों और प्रशासन को सूचना दे दी गई है। इस अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के बाकी सदस्यों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। एएसपी डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि जयपुर में हुई इस बड़ी एवं सफल कार्रवाई में बीकानेर टीम की अहम भूमिका रही।

बीकानेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी और जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक महेंद्र सिंह चारण ने ऑनलाइन सोनोग्राफी मशीन विक्रेताओं से संपर्क कर कड़ी से कड़ी जोड़ी। भारत में इस तरह की यह पहली कार्रवाई है। पीबीआई थाना के सीआई संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस कार्मिक नरेंद्र कुमार, कैलाश, शानू चौधरी टीम में शामिल रहे। पीबीआई थाने एएसपी हेमंत जाखड़ ने बताया कि एजेंट भादुरी के मोबाइल की जांच की तो पता चला कि जयपुर पहुंचने के बाद उसने पश्चिम बंगाल में बैठे अपने बॉस डॉ. आदित्य मुरारका को वॉयस मैसेज किया कि 'मैं सुरक्षा के मद्देनजर यहीं रुका हूं और कंपनी के पैसे भी बचा रहा हूं।

प्राइवेट लैब पर मरीज का गंभीर आरोप, वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप

बालोतरा, (निसं)। शहर में प्राइवेट लैब और सोनोग्राफी केंद्रों की मनमानी पर अब आवाज उठने लगी है। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक मरीज लैब संचालक से यह कहते हुए सुना जा सकता है।

आपकी जांच की स्पेशल मशीन है, फिर आप अधिक पैसे क्यों वसूल रहे हो. इस ऑडियो में मरीज सीधे तौर पर लैब पर आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर कर रहा है कि उसे गुमराह कर महंगे दाम वसूले जा रहे हैं, जबकि जांच की क्वालिटी व स्पेशल मशीन को लेकर भी सवाल खडे कर दिए गए हैं।

यह ऑडियो सामने आने के बाद लोगों में रोष है और आमजन अब खुलकर इन लैब संचालकों के खिलाफ बोलने लगे हैं।

मरीजों का कहना है कि पहले से ही इलाज का खर्च आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है, और अब लैब की यह मनमानी आमजन की पीडा को और गहरा कर रही है। इस पूरे मामले में सबसे बडी चुप्पी स्वास्थ्य विभाग की है। न तो किसी प्रकार की नियमित जांच होती है और न ही शुल्क निर्धारण की कोई सख्त निगरानी।

वायरल ऑडियो की सच्चाई सामने लाने के लिए संबंधित लैब की जांच की जाए और अगर मरीज के आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

साथ ही सभी प्राइवेट लैब और सोनोग्राफी केंद्रों की पारदर्शी निगरानी प्रणाली बनाई जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न दोहराई जाए।

बालोतरा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि मेरे क्षेत्र में निजी लैब और सोनोग्राफी के नियमन और निगरानी की जिम्मेदारी बाडमेर के सीएमओ के पास आप बाडमेर के सीएमओ से संपर्क कर सकते हैं।

राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

Veterinary Medicines, consumable surgical items etc हेतु दर संविदा
ई -बोली आमंत्रण सूचना संख्या 02/2025-26 (क्रमांक 51 दिनांक 24.06.2025)

इस विश्वविद्यालय के अधीनस्थ इकाईयों में Veterinary Medicines, consumable surgical items etc हेतु दो कवर बिड (तकनीकी व वित्तीय बिड) में दर संविदा हेतु ऑनलाइन ई-बोली आंमत्रित की जाती है, जिसमें पंजीकृत फर्मो हेतु डी.एस.सी. के माध्यम से दिनांक 25.06.2025 से 05.07.2025 को सांय 5.00 बजे तक बोली प्रपत्र डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। UBN VAU2526GLRC00040 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट **htttp//sppp.raj.nic.in** विभाग की वेबसाईट **www.rajuvas.org** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/5179 वित नियंत्रक

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड प्रथम बीकानेर

क्रमांक-636 दिनांक-19/06/2025

Short Term Notice Inviting Bid : 09/ 2025-26

Bid for the Supply, Fixing & Commisioning Universal Testing Machine [UTM] -1000 KN Capacity at Regional Laboratories in PWD Rajasthan are invited from interested bidders upto 24.06.2025 [09:30 AM] to 01.07.2025 [06:00 PM] & Open date 02.07.2025 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www. pwd.rajasthan. gov.in & eproc. rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 144.00 Lakh.

UBN No. PWD2526WSOB05079

Executive Engineer,
PWD Distt. Dn-i, Bikaner

DIPR/C/8565/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड जालोर

क्रमांकः-अअ/जा/2025-26/681 दिनांक :- 19.06.25

निविदा संशोधन

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा संख्या 04 वर्ष 2025-26 क्रमांक अअ/जा/2025-26/597 दिनांक 04.06.2025 के द्वारा जारी निविदा में किन्ही अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

क्र. सं.	विवरण	पूर्व मे निर्धारित दिनांक व समय	संशोधित दिनांक व समय
1	निविदा आवेदन डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक व समय	20 जून 2025 6.00 बजे तक	27 जून 2025 सायं 6.00 बजे तक
2	निविदा खोलने की दिनांक	23 जून 2025 को प्रातः 10.00 बजे तक	30 जून 2025 को प्रातः 10.00 बजे तक

शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

(आर.के. सिंघाडिया)
अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि. खण्ड जालोर

DIPR/C/8627/2025

राजस्थान हाईकोर्ट : पारिवारिक पेंशन से रिकवरी नहीं करने के आदेश

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीपति विनीत माथुर ने एक दीवानी याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार द्वारा पारित पारिवारिक पेंशन से रिकवरी पर रोक लगाने के स्थगन आदेश जारी किए है।

याचिकाकर्ता उमी देवी के अधिवक्ता प्रवीण दयाल दवे ने राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका प्रस्तुत कर बताया कि उमी देवी एक विधवा महिला हैं, जिसके पति बालुराम शिक्षा विभाग में राजकीय कर्मचारी थे। उनका निधन छह अक्टूबर 2007 को हुआ, जिसके पश्चात पत्राचार करने पर उमी देवी को पारिवारिक पेंशन मिलना प्रारम्भ हुई जो दिसम्बर 2023 तक नियमित मिलती रही। दिसम्बर 2023 से पारिवारिक पेंशन मिलना बंद हो गई तब 12 जुलाई 2024 व नौ सितंबर 2024 को पत्र प्रेषित किए।

विभाग द्वारा पत्र प्रेषित कर याचिकाकर्ता को सूचित किया कि प्राप्त आदेशानुसार पेंशन चार अप्रेल 2013 तक स्वीकृत थी लेकिन बैंक से पांच अप्रेल 2013 से नवम्बर 2021 तक ईनहेन्स पेंशन का अधिक भुगतान कर दिया, जो 15 लाख 12 हजार 86 रुपए अधिक होना पाया गया तथा अधिक दी गई पेंशन को अविलम्ब कार्यालय में जमा कराने का आदेश दिया गया। याचिकाकर्ता ने विभाग को पत्र प्रेषित किए, अभ्यावेदन दिए, विधिक नोटिस भेजकर पेंशन शुरू करने की प्रार्थना की लेकिन पेंशन जारी नहीं की गई। अपितु विभाग द्वारा 21 फरवरी 2025 को उमी देवी को पत्र भेजकर कुल 14 लाख 34 हजार 464 रुपए अधिक भुगतान करने व जनवरी 2022 से नवम्बर 2023 तक कुल रिकवरी 3 लाख 59 हजार 200 रुपए कोषालय गामीण जोधपुर से करना बताया तथा बाकी बकाया राशि में पारिवारिक पेंशन में से रिकवरी करने के आदेश प्रदान किए। इसके पश्चात याचिकाकर्ता द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष सम्पूर्ण घटनाक्रम बताते हुए न्दीवानी एकल पीठ याचिका प्रस्तुत की व न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता एक विधवा, बीमार, अनपढ़ महिला है जो पारिवारिक पेंशन पर ही आश्रित हैं।

प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर । झाड़ोल थाना पुलिस ने घर में घुस कर प्राणघातक हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 14 जून को पीडित मुंशीलाल पुत्र भेरा निवासी चतरपुरा झाड़ोल ने पुलिस थाने में रिपार्ट दी कि 13 जून को रात मे मैं व मेरा भतीजा घर पर थे। जहां खटखट की आवाज होने पर मैने जाकर किवाड़ खोला तो अचानक देवीलाल पुत्र राजु निमा पुत्र वजु, प्रवीण पुत्र राजु, किशन पुत्र लालू, ईश्वर पुत्र लालु, नरेश पुत्र शांति व अन्य नमाबपोश साथी निवासी चतरपुरा ने कुट, कुल्हाड़ी, चाकु, तलवार, लठ से हमला कर दिया। जिससे मैं व भतीजा गंभीर घायल हो गए। चिल्लाने की आवाज होने पर पकडे जाने के भय से हमलावर फरार हो गए। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम मय टीम ने मामले में वांछित प्रवीण कुमार पुत्र राजमल निवासी चतरपुरा झाड़ोल को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

डूंगरपुर में 24 घंटे में 2 इंच बारिश

डूंगरपुर। डूंगरपुर में रुक-ककर बरसात का दौर जारी है। गुरुवार रात को जिले के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में जिले में 2 इंच बारिश दर्ज की गई है। वेंजा में सबसे अधिक पौने 4 इंच बरसात हुई है। वहीं सागवाडा में भी 4 इंच बरसात हुई है। बारिश की वजह से कई जगहों पर नदी-नालों में पानी की आवक हुई है। वहीं खेत भी पानी से लबालब हो गए हैं। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की बरसात का दौर चल रहा है।

मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को डूंगरपुर जिले में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सुबह दिन खुलने के साथ ही आसमान में घनघोर काले बादल छाए रहे और बारिश से दिन की शुरुआत हुई। सुबह के समय हल्की बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है।

वहीं बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई है। बारिश के बाद कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया है। वहीं वेंजा, सागवाडा और धंबोला क्षेत्र में हुई भारी बारिश से नदी नालों में भी पानी की आवक हुई। बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट के चलते भारी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। जिले में गुरुवार रात के समय डूंगरपुर शहर सहित सागवाडा, धम्बोला और वेंजा में मूसलाधार बरसात हुई।

सागवाडा में सडकों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। कई खाली जगहों और सडकों पर भी पानी भर गया। गामडी अहाडा क्षेत्र में बारिश के बाद सडकों पर पानी भर गया। जिला कंट्रोल रूम के अनुसार डूंगरपुर जिले में शुक्रवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में वेंजा में सबसे ज्यादा 1०6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

वही सागवाडा में 99 एमएम, धम्बोला में 8० एमएम बारिश हुई है, जबकि आसपुर में 61 एमएम, सोम कमला आंबा बांध क्षेत्र में 48 एमएम, डूंगरपुर में 37 एमएम, चिखली में 36 एमएम, दोवडा में 24 एमएम, गलियाकोट में 55 एमएम, गणेशपुर में 44 एमएम, कनबा में 3० एमएम, साबला में 22 एमएम बारिश हुई है। बारिश के बाद अब किसान खेतों में जुट गए हैं। गामडी-अहाडा में पानी की निकासी नहीं, दुकानों में घुसा पानी इसीक्रम में गामडी-अहाडा में गुरुवार शाम हुई बरसात ने दुकानदारों के हालात खराब कर दिए।

तेज बरसात और पानी की निकासी नहीं होने से रातापानी रोड सर्किल से लेकर स्कूल गेट तक की दुकानों में पानी घुस गया। गांव में नाली की निकासी नहीं होने से ये समस्या आ रही है। इस मामले में पूर्व में ग्राम पंचायत को व्यापारियों ने अवगत कराया था। वहीं कुछ दिनों पहले ग्राम पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर से जाकर मिले थे।

थाना-मेवाडा रोड निर्माण के दौरान नालियों को ठीक से नहीं बनाने और बाद में बाजार मार्ग में नाली पूरी तरह अवरुद्ध होने से अब गांव और बाजार का यह भाग व्यापारियों और ग्रामीणों के लिए मानसून में मुश्किलों से भरा हो गया है। 12 साल पहले थाना मेवाडा रोड निर्माण के दौरान नाली निर्माण में तकनीकी नियमों का ध्यान नहीं रखने के कारण भी ये हालात खराब हुए हैं। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा प्लेटफॉर्म के निर्माण से पानी निकासी नहीं हो पा रही है।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

प्रभारिम शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (भ.सं.) पावर हाउस के पास, मोतीझील, भरतपुर
(ई-मेल - zcebz@jvvnl.org फोन नं.-05644-236080)

ई-निविदा सूचना

टी.एन.-37, टी.एन.-38 एवं टी.एन.-39 के लिए योग्य निविदादाताओं ऑनलाईन निविदा दो भागों (तकनीकी-वाणिज्यिक), में श्रम दर पर आमंत्रित किऐ जाते है। टी.एन. - 37:- सहायक अभियन्ता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, उच्चैन के अन्तर्गत भरतपुर वृत में 33/11 केवी सब-स्टेशन गहलऊ का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये।

टी.एन. - 38:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, डीग के अन्तर्गत डीग वृत में 33/11 केवी सब-स्टेशन लहरवाडा का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खींचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। टी.एन. - 39:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, डीग के अन्तर्गत डीग वृत में 33/11 केवी सब-स्टेशन बडेसरा मोरोली का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खींचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 27.06.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई - पोर्टल पर दिनांक 21.07.2025 (सायं 5:00 बजे) तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

(TN-37,UBN : VVN2526WSOB00150) (TN-38, UBN : VVN2526WSOB00151) (TN-39, UBN : VVN2526WSOB00166)

राज.संवाद/सी/25/5187 जेपीआर - 3019 (2025) संभागीय मुख्य अभियन्ता (भरतपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

Office of The Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

No.- 830 Date-20.06.2025

Notice of Inviting Bid

Bid for Rate **Contract of Construction Material Supply under MGNAREGA, Work tenders of various work and Office Tenders** as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. be

Name of Gram Panchayat	UBIN	Estimate Bid cost
Sangana	ZJR2526GLRC00542	50.00 Lakh
Komta	ZJR2526GLRC00540	100.00 Lakh
Bishangarh	ZJR2526GLRC00543	50.00 Lakh
Toora (Work Tender)	ZJR2526WSOB00544	04.00 Lakh
	ZJR2526WSOB00545	05.00 Lakh
Rate Contract of Panchayat Samiti Office for goods/service		
Work Details	**UBIN**	**Estimate Bid cost**
Stationery Supply	ZJR2526GSRC00529	04.00 Lakh
Food Arrangements	ZJR2526SSRC00525	05.00 Lakh
Photocopy Work	ZJR2526SSRC00526	02.00 Lakh
Computer/printer repair etc	ZJR2526SSRC00527	03.00 Lakh
Tent Arrangements	ZJR2526SSRC00528	08.00 Lakh
Tea Coffee supply arrangement	ZJR2526SSRC00536	02.00 Lakh
Men Power Supply (men with machine, sweeper, helper, driver)	ZJR2526SSRC00537	10.00 Lakh
Hiring Vehicle	ZJR2526SSRC00538	04.00 Lakh
Haddi Nilami Theka	ZJR2526GSRC00539	03.50 Lakh

Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

एक करोड़ दस लाख की अवैध स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

करौली। करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृज ज्योति उपाध्याय के निर्दे'ान मे चलाये जा रहे ऑपरेशन स्मैक आउट अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही की है। जिला स्पेशल टीम और कुडगांव थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 293.09 ग्राम अवैध स्मैक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है।

करौली एसपी कार्यालय के सभागार हॉल मे प्रेसवार्ता के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने खुलासा करते हुए बताया कि स्मैक तस्करो मे घासीलाल पुत्र लक्ष्मीनाायण मीणा 58 निवासी मोतीपुरा थाना हरनावदा शाहजी जिला बारा, कमल मीना पुत्र राजू लाल मीणा 21 निवासी उलीयाना थाना कुडेरा जिला सवाई माधौपुर, विकास पुत्र हरिके'ा मीणा 20 निवासी गुडासी थाना कोतवाली जिला सवाई माधौपुर शामिल हैं। तस्करों से एक बिना नंबर की पावर बाइक, तीन मोबाइल फोन और स्मैक बिक्री के 4 लाख 200 रुपए नकद जब्त किए गए हैं। उन्होने बताया कि आरोपी बारां से स्मैक खरीदकर सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, करौली, कुडगांव और सपोटरा क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। ये करौली-सवाई माधोपुर सीमा के कच्चे रास्तों का इस्तेमाल करते थे। घासीलाल से 181.71 ग्राम स्मैक और 4 लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। कमल मीना से 52.59 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल मिला है। विकास से 52.79 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल और बाइक बरामद की गई है। उन्होने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। करौली पुलिस ने गत 1 जनवरी 2025 से अब तक 65 मामले दर्ज कर 131 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 999.885 ग्राम स्मैक, 103.843 किलोग्राम गांजा, 20.615 किलोग्राम डोडा पोस्त, 2 लाख से अधिक नशीली गोलियां और 500 अवैध इंजेक्शन जब्त किए गए हैं। कार्यवाही के दौरान कुडगांव थाना टीम में थानाधिकारी चंचल शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक सुमेर सिंह, कॉन्स्टेबल पुरुषोत्तम, मोहन सिंह, नन्दराम, प्रेममोहन, वाहन चालक योगेन्द्र और जिला स्पेशल टीम प्रभारी देवेश जाटव तथा टीम सदस्य: जिलय सिंह, रामदास, कमल सिंह, ललित किशोर, नेमीचंद, आकाश सोलंकी, रवि कुमार मीना, धर्मवीर सिंह, अमीर सिंह, सत्येन्द्र, पालवेन्द्र, पुष्पेन्द्र, हरेन्द्र शामिल है।

करौली पुलिस कि गिरफ्त में अवैध स्मैक के साथ तीन तस्कर।

- ऑपरेशन स्मैक आउट अभियान के तहत करौली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है।

फर्जी पट्टे मामले में कार्मिक निलबिंत

जालोर, (कासं)। जालोर नगर परिषद में फर्जी पट्टा जारी करने करने पर प्रशासक व एडीएम राजेश मेवाडा ने गुरुवार देर शाम को परिषद के कार्मिक अनिल कुमार को निलंबित कर दिया।

एडीएम और नगर परिषद (प्रशासक) राजेश मेवाडा ने बताया कि 24 नवम्बर 2024 को नगर परिषद के सभापति गोविंद टांक का कार्यकाल समाप्त हुआ और उसी दिन जालोर एडीएम राजेश मेवाडा ने बतौर प्रशासक कार्यभार संभाला।

तब से अब तक प्रशासक के हस्ताक्षर से ही पट्टे जारी होने थे। गुरुवार शाम को एडीएम व जिला पंजीयन अधिकारी राजेश मेवाडा के द्वारा पंजीयन आय की समीक्षा बैठक में नगर परिषद के द्वारा जारी फजी पट्टों का मामला सामने आया।

ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास करने वाली गाजियाबाद गैंग का पर्दाफाश

बजाज नगर पुलिस ने गिरोह के छह बदमाशों को दबोचा, पूछताछ जारी

जयपुर (कासं)। बजाज नगर इलाके में ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास की वारदात का पर्दाफाश करने वाली गाजियाबाद गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने बदमाशों के पास से एक किराए पर ली गई कार भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा इसी किराए की कार से बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने अर्जुन नगर अंडरपास के पास पीएस ज्वेलरी शोरूम पर 16 जून को डकैती करने के प्रयास मामले में कन्हैया मौर्य (21), राहुल यादव (21),शिवम प्रजापति उर्फ शुभम (19), रितिक भारती (24),सुदेश कुमार (19) और संदीप (21) को (बापर्दा) गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी टीला मोड़ जिला गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) इलाके के रहने वाले है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी ऑनलाइन गेमिंग खेलने के आदि है जो ऑनलाइन सट्टे में काफी पैसे हार जाने से कर्जा होने के कारण मुख्य आरोपी कन्हैया मौर्य जो महेश नगर में ही रहता है और मूलरूप से गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने घर के नजदीक अर्जुन नगर फाटक के पास स्थित ज्वेलरी की दुकान की दो दिन तक रेकी करते रहे। जिस के बाद बदमाश कन्हैया मौर्य ने अपनी दोस्तों को गाजियाबाद से जयपुर बुलाकर घटना को अंजाम दिया।

बजाज नगर पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास की वारदात का पर्दाफाश कर गाजियाबाद गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- बदमाशों में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए किराए पर ली थी कार

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि 16 जून को हुई लूट का प्रयास की वारदात की गंभीरता को देखते हुए वारदात में शामिल अपराधियों की धर पकड के लिये टीम गठित की गई। टीम के सदस्यों ने दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए घटनास्थल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करते हुए मुखबिर से सूचना एकत्रित की गई तथा इस दौरान ही वारदात करने में काम ली गई कार के बारे में अहम जानकारी निकाली।

कार डौर कार रेंटल के ऑफिस जंक्शन जयपुर से रेंट पर आरोपी कन्हैया मौर्य व राहुल यादव ने ली थी। कार रेंटल के ऑफिस से बदमाशों के नाम पता के बारे जानकारी करके वारदात में शामिल बदमाशों को पकडा।

आवासन मंडल आयुक्त को राहत

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की पालना नहीं करने से जुडे मामले में आवासन मंडल आयुक्त को राहत दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जिला उपभोक्ता आयोग की ओर से की जा रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश आवासन मंडल आयुक्त की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जिला उपभोक्ता आयोग ने गत दिनों आवासन आयुक्त सहित अन्य के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए थे। सुनवाई के दौरान आवासन आयुक्त अदालत में पेश हुई। उनकी ओर से प्रकरण को लेकर मंडल की ओर से की गई कार्रवाई की अदालत को जानकारी दी गई। इस पर अदालत ने जिला उपभोक्ता आयोग की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि रमेश चन्द्र गुप्ता ने जनवरी, 1980 में मानसरोवर योजना में मध्यम आय वर्ग के आवास के लिए आवेदन किया था। परिवादी ने पता बदलने पर नए पते की सूचना भी आवासन मंडल को दी थी, लेकिन मंडल ने मकान का आरक्षण पत्र पुराने पते पर ही भेजा। जिससे वह तय अवधि में राशि जमा नहीं करा सका। वहीं बाद में कई बार प्रार्थना करने पर भी उसे मकान का आवंटन नहीं किया। इस पर परिवादी ने साल 2013 में जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया। जिस पर 3 मई, 2016 को फैसला देते हुए आयोग ने साल 2010 की दर से दो माह में आवास आवंटित करने को कहा और साथ ही आवासन मंडल पर 1.10 लाख रुपए का हर्जाना लगाया।

दंपत्ति ने एक ही पंखे से लटककर जान दी

जयपुर । मुहाना थाना इलाके में एक दम्पती द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाए है। दम्पती की 11 और आठ साल की दो बच्चियां भी है। खास बात यह है कि युवक का शव फंदे से लटका था तो महिला का शव फर्श पर पड़ा मिला है। हालांकि पुलिस मामले को सुसाइड मान कर जांच करने में जुटी है। मौके पर पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार मुहाना रोड पर पटेल नगर निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह आईसीआईसीआई बैंक में इंश्योरेंस का काम करता था। शुक्रवार को पति-पत्नी में अनबन हो गई। अनबन के बाद महिला ने फंदा लगा लिया। जब धर्मेंद्र बाजार से लौटा तो 36 वर्षीय सुमन चौधरी फंदे से लटकी मिली। इस पर धर्मेंद्र ने उसे फंदे से उतारा और फिर खुद भी फंदे से लटक गया। जब दोनों पति-पत्नी शाम को बाहर नहीं आए तो आस-पास के लोगों ने घर जाकर देखा तो युवक फंदे से लटका मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को फंदे से उतारकर व महिला को शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया।

थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पटेल नगर में एक दम्पती से सुसाइड किया है। दोनों में आपस में कहासुनी होने की बात सामने आ रही है। कहासुनी के बाद पति बाजार चला गया। इस महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। पति वापस लौटा तो महिला फंदे से लटकी मिली। इस पर पति ने उसे उतारा और उसकी पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। महिला के गले पर फंदे का निशान मिला है। दंपति के दो बच्चियां है जो कि स्कूल की छुट्टियां होने के कारण गांव गई हुई है। मामले की जानकारी दंपति के परिजनों को दे दी है।

सार-समाचार

उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी से शिष्टाचार भेंट

जयपुर । श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के त्रिवार्षिक चुनाव, जो कि 22 जून को संपन्न हुए। शुक्रवार को देहात कार्यकारिणी के संरक्षक मोती सिंह सांवली के नेतृत्व अध्यक्ष भरत सिंह नाथावत महेशवास, महामंत्री गजेन्द्र सिंह खंगारोत, सदस्य जेठू सिंह आष्टी, केंद्रीय कार्यकारिणी में महामंत्री प्रत्याशी रहे भगवान सिंह हाथोज और हनुवंतसिंह ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की व विभिन्न सामाजिक मुद्दो पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकारिणी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों की योजना से अवगत कराया। दिया कुमारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज हित में न्यायोचित कार्य करने की सलाह दी व अच्छे कार्य करने में सदैव सहयोग का आश्वासन दिया।

एसीएमई सोलर का पॉवर परचेस एग्रीमेंट

जयपुर । एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, एसीएमई सीकर सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में 300 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 वर्षों का पॉवर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) साइन किया है। इस समझौते में 3.05 रुपए प्रति यूनिट की तय दर पर बिजली देने का करार हुआ है। यह समझौता सोमवार को एसीएमई सीकर द्वारा 300 मेगावाट का प्रोजेक्ट शुरू करने के बाद किया गया है। यह निविदा पहले सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) की आईएसटीएस अठारहवीं ट्रेंच के तहत प्राप्त की गई थी, और इसकी तय टैरिफ दर को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने 30 मई, 2025 को औपचारिक मंजूरी दी थी। समझौते के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से बिजली आपूर्ति 30 जून 2025 या उससे पहले शुरू होनी चाहिए। इस प्रोजेक्ट को इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) शुल्क से छूट भी प्राप्त है, क्योंकि इसकी निर्धारित वाणिज्यिक संचालन तिथि (एससीओडी) जून 2025 की सरकारी समयसीमा से पहले की है। यह प्रावधान सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को समय पर शुरू करने के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहनों के अनुरूप है।

डॉक्टर्स लीग के पोस्टर का विमोचन

जयपुर । मेडिकोज़ सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 25 से 27 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल चतुर्थ संस्करण का राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजन किया जायेगा। इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड सिंगर रविन्द्र उपाध्याय है। डीएमपीएल लीग सीजन 4 के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। इस अवसर पर लीग के आयोजन सचिव डॉ.अनिल यादव ,लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डा.हरीश भारद्वाज व डॉ संजय सिंह शेखावत उपस्थित रहे । लीग संयोजक डॉ संदीप निझावन ने बताया कि ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में हेमंत भट्ट, उमा, भारत पटेल, दीपक माथुर, डॉ. वंदना खुराना व डॉ. सत्यवती शर्मा जूरी रहेंगे और चिकित्सकों के गायन कौशल की समीक्षा करेंगे । ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने ने बताया की प्रतियोगिता में स्वर बैंड गुलाम के द्वारा गीतकारों को संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हर्षुल टाक व डॉ रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि लीग के लिए ऑडिशन 6 जुलाई को व टीम ऑक्शन 13 जुलाई को होगा। इस लीग में राजस्थान व अन्य दूसरे राज्यो के चिकित्सक भाग लेंगे ।

आभूषण लूट की कोशिश करने वाला पकड़ा

जयपुर (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोने के आभूषण और पर्स लूटने की कोशिश करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोने के आभूषण और पर्स लूटने की कोशिश करने वाले शातिर बदमाश चिरंजी उर्फ चरणजीत उर्फ राम चरण बागरिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब पीने का आदतन अपराधी है और चैन पर्स लूटना पेशा है। पुलिस ने 300 सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जहां आरोपी दिल्ली में फुटपाथ पर सोकर फरार काट रहा था। जहां आरोपित कथित सास ससुर और पत्नी के साथ चोरी छुपे रह रहा था। वहीं पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त किया है। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ कई थानों में 11 से ज्यादा लूट समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को पकड़कर जयपुर ला रही थी। लघुशंका के बहाने आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश भी की। इस दौरान दीवार कूदने से आरोपी पत्थरों पर जा गिरने से हाथ पैरों में गंभीर चोट लगी है। जांच में सामने आया कि आरोपी सफेद तौलिया बांधकर अकेला बाइक पर सवार होकर लूट की वारदात करता है। गौरतलब है कि 15 जून को आरोपित ने इवनिंग वॉक वॉक पर निकली एक महिला को निशाना बनाया था और फिर पर्स लूटने वक्त सर के बल सड़क पर महिला गिर गई थी। घटना में घायल महिला अब तक कोमा में चल रही है।

मंत्री कुमावत ने निजी आवास पर सुनी आमजन की समस्याएं

जयपुर। पशुपालन, गौपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर स्थित अपने निजी आवास आम नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने सभी प्रस्तुत प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

कुमावत ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार एक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के लिए कटिबद्ध है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और विश्वास सर्वोपरि है। जोराराम कुमावत ने कहा कि शासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल आदेशों के अनुपालक नहीं, बल्कि शासन की नीतियों के संवाहक भी हैं और जनता की सेवा में उनके व्यवहार में संवेदनशीलता, तत्परता व उत्तरदायित्व का भाव झलकना चाहिए।

जनसुनवाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा को जीवंत बनाए रखने का मंच है। जनसुनवाई, सरकार और नागरिकों के बीच मजबूत संवाद का माध्यम है। इससे नागरिकों में यह विश्वास पनपता है कि सरकार उनकी बात सुनती है, समझती है और समाधान की दिशा में कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा और राजस्व जैसी आवश्यक सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति को सुगमता से उपलब्ध हों। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, बिजली वितरण, स्वायत्त शासन, पेयजल आदि विभागों से जुड़ी अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। मंत्री ने सभी प्रकरणों को व्यक्तिगत रूप से सुना, वस्तुस्थिति जानी और अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश जारी किए कि समाधान निष्पक्ष, त्वरित और जन संतोष के अनुरूप हो।

टीबी नियंत्रण के लिए स्टेट टास्क फोर्स की मीटिंग

जयपुर । राज्य सरकार की टीबी उन्मूलन मुहिम को नई गति देने के उद्देश्य से आज चिकित्सा निदेशालय, जयपुर स्थित सभागार में जिला क्षय अधिकारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेशभर से सभी जिला क्षय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डॉ. शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्षणात्मक टीबी मरीजों की पहचान और जांचों की संख्या में इज़ाफा किया जाए। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार टीबी मुक्त राजस्थान के लक्ष्य के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है और इसके लिए संवेदनशील आबादी की प्रभावी स्क्रीनिंग जरूरी है।" निदेशक ने स्वास्थ्य कार्मिकों को भी इस अभियान में पूर्ण सक्रियता से भाग लेने के निर्देश दिए, साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में राज्य क्षय अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सोनी और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस.एन. धोलपुरिया ने भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

हैरिटेज निगम प्रशासन ने जलमहल में सफाई कराने के लिए नांव उतारी

कमिश्नर डॉ. निधि पटेल ने एक दिन पहले किया था निरीक्षण

जयपुर (कासं)। हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर डॉ. निधि पटेल की नाराजगी के बाद शुक्रवार को अधिकारियों ने जलमहल की पाल पर सफाई के लिए नांव उतारी।

आयुक्त के निर्देश के बाद निगम प्रशासन ने यहां सफाई कर्मचरियों और संसाधनों की सहायता से सफाई की। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही निगम आयुक्त ने जल महल की पाल का निरीक्षण किया था, निरीक्षण के दौरान आयुक्त निधि पटेल ने अधिकारियों को पाल पर ठोस सफाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद हैरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता किशन लाल मीणा ने यहां नाव की सहायता से भी कचरे को बाहर निकालने का अभियान छेड़ा।

- पर्यटन स्थलों पर कचरा करने वालों से पहले करेंगे समझाइश, नहीं माने करेंगे सख्त कार्रवाई

आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि जयपुर शहर पर्यटन नगरी है। देश विदेश से आने वाले पर्यटक शहर की सुंदर छवि लेकर साथ जाएं। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए आमजन को जागरूक कर समझाइश भी की जाएगी। इसके बाद पर्यटन स्थलों पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

बाढ़ नियंत्रण में धांधली : कट्टे में 30 किलो के बजाय 8-10 किलो मिट्टी भर रहा ठेकेदार

हैरिटेज निगम ने मैसर्स एस.डी.कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग को नोटिस थमाया

हैरिटेज निगम के चेयरमैन पवन शर्मा और सिविल लाइन जोन उपायुक्त ने कांवटिया सर्किल स्थित बाढ़ नियंत्रण केंद्र में मिट्टी के वजन की गड़बड़ी पकड़ी।

जयपुर (कासं)। हैरिटेज नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण के काम की आड़ में धांधली सामने आयी है। यहां ठेकेदार द्वारा कट्टे में 30 किलो के बजाय 8-10 किलो मिट्टी भरकर ज्यादा नग गिनाये जा रहे हैं।

शुक्रवार को हैरिटेज निगम के चेयरमैन पवन शर्मा और सिविल लाइन जोन उपायुक्त ने औचक निरीक्षण के दौरान कांवटिया सर्किल स्थित बाढ़ नियंत्रण केंद्र में यह गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद देर शाम को हैरिटेज निगम के अधिशाषी अभियंता ने यह टैंडर लेने वाली फर्म मैसर्स एस.डी.कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग प्रा. लि. को नोटिस जारी किया। चेयरमैन पवन शर्मा (नटराज) ने जब मिट्टी के कट्टों में 8-10 किलो ही वजन देखा तो उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कट्टे में कम से कम 30 से 35 किलोग्राम मिट्टी अवश्य होनी चाहिए। यह धांधली उजागर होने के बाद अधिशाषी अभियंता ने ठेकेदार फर्म को नोटिस जारी किया, साथ ही चेतावनी दी कि या तो टैंडर की शर्तों के मुताबिक 30 किलो वजन का मिट्टी का कट्टा भरा जाए, अन्यथा निगम प्रशासन को फर्म के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

शिव महापुराण कथा में अहंकार त्याग व शिव आराधना का संदेश

जयपुर। कांति चंद्र रोड बनी पार्क में श्री शिव महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण में कथा का भावपूर्ण आयोजन हुआ। संत संतोष सागर महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को शिवलिंग, रुद्राक्ष और भस्म की महिमा का विस्तार से श्रवण कराया।

विशाल वाटरप्रूफ वातानुकूलित डोम में आयोजित इस कथा कार्यक्रम में शिव-पार्वती, नारद एवं भगवान विष्णु की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संतोष सागर महाराज ने भगवान शिव और नारद जी के प्रसंग के माध्यम से भक्ति, तप, धन और शक्ति जैसे साधनों में भी अहंकार न पालने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, भोजन, भजन और भार्या का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे भजन खंडित होता है और अहंकार जन्म लेता है।

उन्होंने बताया कि नारद जी को जब अपने तप का गर्व हुआ और उन्होंने भगवान शिव से तुलना की, तब उनके भीतर अहंकार जागा। भगवान विष्णु ने उन्हें यह सिखाया कि बिना भगवद कृपा के इच्छाओं का अंत नहीं होता। एक कामना समाप्त होती है तो दूसरी जन्म लेती है। यही अहंकार अंततः बुद्धि भ्रष्ट कर देता है और व्यक्ति विनाश की ओर अग्रसर होता है। संत संतोष सागर ने कहा कि काम और क्रोध मनुष्य की शक्ति को क्षीण कर देते हैं। उन्होंने नारद जी द्वारा जल में बंदर रूपी प्रतिबिंब देखने की कथा का उल्लेख किया।

रूतबा दिखाने के लिए शादी में अवैध हथियार से फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

मुरलीपुरा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध देशी कट्टा और खाली कारतूस जब्त किया

जयपुर (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से अवैध देशी कट्टा और एक खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपना स्टेटस बढाने के लिए एक शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग की थी और हवाई फायरिंग करने पर एक दोस्त के जांघ में गोली लगने पर फरार हो गए थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत अपना स्टेटस बढाने के लिए एक शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग करने वाले शाहिल कुरैशी उर्फ दुर्लभ और तैयब पठान को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित भट्टा बस्ती जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से अवैध देशी कट्टा और एक खाली कारतूस भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग की थी और हवाई फायरिंग करने पर मोहम्मद आसिफ की जांघ में गोली लगने पर फरार हो गए थे।

- पुलिस ने बताया कि हवाई फायरिंग के दौरान एक युवक की जांघ में गोली लग गई थी, उसके बाद आरोपी फरार हो गए थे

थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि घालय मोहम्मद आसिफ ने ट्रामा सेन्टर एसएमएस अस्पताल से पर्चा बयान किया था कि उसकी शादी का रिसेप्शन व बहन फिजा की शादी का प्रोग्राम अलका सिनेमा सीकर रोड के पीछे अल्का मैरिज गार्डन में आयोजित था। उसकी बहन की शादी संपन्न हो गई थी विदाई हो रही थी। तभी उसके दोस्त फैजान पठान व दुर्लभ मेवाती, तययब पठान मैरिज गार्डन मे आये थे और खाना खाने के बाद स्टेज पर तैयब पठान ने देसी कट्टा निकाला व कट्टे में कारतूस डालकर हवाई फायर करना चाहा लेकिन फायर नहीं हुई थी। उसके बाद दुर्लभ मेवाती ने कट्टा अपने हाथ में लिया तथा हवाई फायर करना चाहा तो उसने दुर्लभ मेवाती को रोकना चाहा तो दुर्लभ मेवाती ने अचानक फायर कर दिया।

दुर्लभ मेवाती ने फायर करते समय वापसी हाथ नीचे किया था। जिस पर गोली उसकी दाहिनी जांघ में लगने पर तीनों दोस्त भाग गए। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन से शाहिल कुरैशी उर्फ दुर्लभ और तैयब पठान को पकड कर उनके पास से एक देशी कट्टा व खाली कारतूस भी बरामद किया गया। वहीं पुलिस अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे पूछताछ की जा रही है।

चाकू दिखाकर दो बदमाशों ने युवक को लूटा

जयपुर । करधनी थाना इलाके में दो बदमाशों ने एक युवक को चाकू दिखाकर लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जयनारायण व्यास कॉलोनी बीकानेर हाल तारा नगर झोटवाड़ा निवासी रवि सिहाग ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रहा था इसी दौरान बैनाडा में श्मसान भूमि के पास पानी पीने के लिए रुका। इसी दौरान दो युवक भी उसके पास आ गए। एक युवक ने कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। इस पर उसने अपना मोबाइल उसे दे दिया। वह एक थडी के पास कोने में जाकर खड़ा हो गया।

युवक ने उसे फोन का लॉक खोलने के लिए बुलाया। जैसे ही वह थडी के पास पहुंचा तो दूसरे युवक ने चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर लगा दिया। इसके बाद आरोपी ने डरा धमका कर उसकी जेब से 1 हजार 300 रुपए निकाल लिए और वहां से चलते बने। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
SATURDAY
28 June 2025
A-B

Knowing about National Insurance Awareness Day

There's something that most people don't talk about, don't think about, and when the end comes, it snaps right around and hits them square in the face. Their homes and cars remain unprotected, and there's nothing to save them when the hammers come down. National Insurance Awareness Day reminds you that taking the time to talk to an insurance agent and get a policy on your life, car, or home can save you and your family at the worst times, that the future can hold. It ensures that people are reminded to go over their insurance plans on this date.

#POWER

A Capital Choice

Why was Bombay never in the race to become India's capital during the British Raj?

Bombay's Neoclassical Town Hall.

Delhi Durbar, 1911.



In a world increasingly consumed by fast news and fleeting trends, history can offer a much-needed lens of perspective. That's the premise behind 'A Century of Stories: India,' a newly launched conversational series that delves into the pivotal, and often overlooked, stories that shaped the subcontinent as we know it today. Hosted by the ever-curious and charismatic Kunal Vijaykar, the series marks a fresh, engaging format for storytelling, rooted in dialogue, informed by expertise, and accessible to everyone from casual listeners to history buffs. In each episode, Vijaykar sits down with prominent historians, researchers, and cultural commentators to explore the decisions, dilemmas, and debates that played a role in India's evolution over the past century.

A Tale of Three Cities

The inaugural episode sets the tone for the series by exploring a critical yet little-known moment in Indian history: the British colonial administration's decision to relocate the capital of British India.

When the British were deliberating on where to establish the new seat of power in the early 20th century, Delhi and Pune were considered the leading contenders. Each had compelling advantages. Delhi, with its rich imperial past, was symbolically powerful, the historic seat of several empires, including the Mughals. Pune, on the other hand, had been a key administrative and cultural center of the Maratha Empire, and was seen as a peaceful, climate-friendly alternative for colonial officials. But conspicuously missing from the list was Bombay (now Mumbai), a city that, even at the time, was rapidly emerging as a commercial and industrial powerhouse, home to major ports, businesses, and institutions.

Why didn't Bombay make the cut?

To unravel this mystery, Vijaykar is joined by Bharat Gothoskar, a renowned heritage expert known for his work in demystifying urban history. In their discussion, Gothoskar reveals that while Bombay was undeniably significant as a financial center, several factors worked against it in the eyes of the British establishment.

"Bombay was viewed more as a mercantile colony than a seat of power," says Gothoskar. "It was too cosmopolitan, too commercially driven, and lacked the imperial gravitas the British were seeking." In contrast, Delhi's symbolic continuity with India's imperial past offered a compelling narrative for the British to place themselves within a longer lineage of rulers. In 1911, this culminated in the grand Delhi Durbar, where King George V announced the transfer of the capital from Calcutta (Kolkata) to Delhi, setting in motion the construction of New Delhi, a city meticulously planned by architects Edwin Lutyens and Herbert Baker to embody colonial power.

What the Decision Meant for Bombay, and India

Although Bombay wasn't chosen as the capital, it continued to thrive in other ways, as the commercial engine of British India and later independent India. Ironically, being passed over for political leadership may have allowed the city to flourish more freely in trade, finance, arts, and cinema.

Pune of the British Raj.

The Many Legends of a Monsoon Melody





When in 1948, a famine struck the region of Surat in South Gujarat, Pandit Omkarnath Thakur, one of the greats of the Gwalior *gharana*, was summoned to appeal to the rain gods. "A stage was set up at Kila Maidan, outside the Surat Castle. For three days, the town was soaked in the stalwart's voice. On the evening of the third day, it started drizzling. Finally, Surat experienced monsoon."

Nikhil Inamdar, Anjali Sharma and Anakha Arikara

In Indian classical tradition, music is as much a science as an art. It is also a pulsating being, with moods and tones and colour. The Monsoons for instance is the time for *Raga Malhar*, resonant of the first rain and the flushed countryside. This raga is also steeped in history and traces its fame to the Court of Mughal Emperor Akbar, as Nikhil Inamdar explains.

The otherwise liberal musical tradition of northern India is modulated by a stubbornly sanctified, but sophisticated theory of time. Specific melodic forms (or ragas) are performed only during apportioned stretches of the day called the *prahars*. Subtle aesthetic nuances, such as the underlying tonal skin of a raga, or the mood it evokes, decide time of the day it is sung. Adherence to this ritual is expected, and it is believed, a performer can truly discover the pinnacle of a raga's melodic splendor, if the time tradition is practiced scrupulously.

RAGAS ARE PERFORMED ONLY DURING APPORTIONED STRETCHES OF THE DAY CALLED THE *PRAHARS*.

श्री बद्री विशाल मंदिर में यह पात्र पिछले 4 साल से बंद थे। दान पात्रों को खोलने के लिए शुक्रवार को निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर मय पुलिस जाप्ते के मंदिर पहुचे मंदिर में तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की 5 सदस्यीय टीम ने श्री बद्रीनाथ प्रबंध एवं विकास समिति (ट्रस्ट) के पदाधिकारी एवं ठाामीणों के समक्ष दान पात्रों को खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दान पात्रों की चाबी मिलने के कारण दोनों दान पात्रों का ताला खोलने के लिए मिस्त्री को बुलाकर ताला खुलवाया गया वही एक दानपात्र स्टील की रेलिंग के सहारे फिक्स होने के कारण लोहा कटर से काटकर अलग किया गया। इसके बाद राजस्थान ग्रामीण बैंक की सहायक प्रबन्धक टीना जैन की मौजूदगी में दान पात्रों से प्राप्त दान राशि की गणना की। गौरतलब है कि मंदिर के अंतिम महंत तेजभारती गोस्वामी का 19 जनवरी 2021 को देहान्त होन के बाद से ही विभिन्न पक्षों द्वारा मंदिर की देखरेख के लिए कोर्ट में प्रकरण विचारधीन है।

चोरी का आरोपी नागौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

सांभरझील, (निसं)। दूदू पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक अभियुक्त को नागौर सब जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किया गया अभियुक्त तारीफ उर्फ तारीख खान पुत्र जैनू खान जाति कायमखानी (38) निवासी कायमखानी मौहल्ला कुचेरा पुलिस थाना कुचेरा जिला नागौर कर रहने वाला पुलिस की ओर से बताया गया है। थाना अधिकारी दूदू मुकेश कुमार ने बताया कि चार मई को ओम बन्ना होटल, रिको एरिया कस्बा दूदू से एक मोटर साईकिल चोरी हो गई थी। घटना के संबंध में फरियादी रामचरण जाट पुत्र सोहनलाल निवासी कांकरिया की ढाणी नरैना थाना नरैना द्वारा पुलिस थाना दूदू पर रिपोर्ट देकर जानकारी बताई थी। दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा मालूमात किया तो अभियुक्त तारीफ उर्फ तारीख खान द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करना पाया गया जो वर्तमान में जिला कारागृह नागौर में बंद होना मालूम हुआ। अभियुक्त को जिला कारागृह नागौर से प्रोडेक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

साइड नहीं देने पर की फायरिंग, तीन गिरफ्तार

अलवर। अरावली विहार थाना पुलिस ने उन 3 युवकों को गिरफ्त में लिया जिन्होंने 27 फरवरी को केवल साइड नहीं देने की बात पर व्यक्ति के घर जाकर जानलेवा हमला किया। ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अब तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पिस्टल व कारतूस भी बरामद किए हैं। कोर्ट में पेश कर पांच दिन रिमांड पर लिया है।

थाना प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि 27 फरवरी 2025 को रूपवास रेलवे फाटक के पास साइड देने की बात को लेकर दीपचंद मीणा और आरोपी अनुराग केतन के बीच कहासुनी हो गई थी। इस मामूली विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया।इसके बाद अनुराग केतन ने अपने साथी परमजीत गुर्जर के साथ मिलकर दीपचंद के मकान पर जाकर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए।

जवराते, नकदी व बाइक चुराई

रुदावल (निस)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव जरीला में चोर एक मकान से 3.50 लाख रुपए के गहने और 12 सौ रुपये व बाइक चोरी कर ले गए। घटना से पहले चोरों ने घर में सो रहे परिजनों के कमरे की बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया। सुबह जब वह सोकर उठे तो, घटना का पता लगा। चोरी की वारदात की सूचना पर पुलिस, डॉग स्क्वायड की टीम और एमओबी की टीम मौके पर पहुंची।

घटना की सूचना पर विधायक डा. ऋतु बनावत ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और एएसपी व सीओ से बात कर जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। घटना को लेकर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीडित गांव जरीला निवासी हीरा सिंह पुत्र कमलसिंह लोधा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर के कमरों में सो रहे थे। कुछ लोग घर के बरामदे में सो रहे थे।

देर रात कुछ चोर घर के पीछे खाली पड़े प्लॉट से होते हुए घर की दीवार फांदकर घर में अंदर घुस गए। जिसके बाद चोरों ने जिन कमरों में परिजन सो रहे थे, उन कमरों की बाहर से कुंदी लगा दी। इसके बाद चोर सूने कमरों में घुस गए। जहां आलमारी में कपड़ों के बीच में गोदरेज की चाबी रखी थी। चोरों ने चाबी लेकर गोदरेज की अलमारी को खोलकर उसमे रखे सोने की 22 ग्राम वजन की चार अंगूठियां, 1.5 किलो वजन की चांदी की आठ जोड़ी पायजेब, एक कोंदनी, 10 जोड़ी बिछुए व 1200 रुपए नकद तथा घर में खडी बाइक को चोरी कर ले गए।

'सड़क हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करें'

- ओवरलोडिंग वाहनों पर अधिकतम चालान करने के निर्देश दिए
- एनएचएआई और डीटीओं को अभियान चलाकर हाईवे से सटे हुए गांवों के पशुओं के रिफ्लेक्टर लगाने पर जोर दिया

कलेक्ट्रेट सभागार टोंक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं रोड़ सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई।

टोंक। कलेक्ट्रेट सभागार टोंक में शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं रोड़ सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क हादसों को रोकने के सड़क सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

जिला कलेक्टर ने जिले के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉट की जानकारी ली और इनमें आवश्यक रोड़ सेफ्टी के कार्य करने के लिए एनएचएआई के अभियंताओं को निर्देशित किया।

एनएचएआई के अभियंताओं ने बताया कि एनएच 52 गोपीपुरा, कुचलवाड़ा और सरोली के पास के कट को बंद कर दिया गया है। अभियंताओं ने नगर परिषद टोंक के पक्का बंधा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस जाप्ता उपलब्ध कराने की बात कही।

इस पर जिला कलेक्टर ने एएसपी गीता चौधरी को नियत दिवस पर जाप्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने हाईवे पर पशुओं के जमावड़े से होने वाले हादसों को गंभीरता से लेते हुए एनएचएआई और डीटीओं को अभियान चलाकर हाईवे से सटे हुए गांवों के पशुओं के रिफ्लेक्टर लगाने पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना होने पर एनएचएआई की एंबुलेंस में आपातकालीन मेडिकल संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी मीटिंग में इस संबंध में एंबुलेंस की उपयोगिता का डेटा प्रस्तुत करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने डीटीओ संपतराम वर्मा को ओवरलोडिंग वाहनों पर अधिकतम चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निवाई अधिशासी अधिकारी मनोहर लाल जाट को कहा कि झिलाई पुल से पहले हाईवे के पास हो रहे कचरे की डंपिंग की सफाई कराने तथा वहां कचरा डालने वालों के विरूद्ध पेनल्टी लगाएं।

साथ ही, उसकी फेसिंग कराने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में रोड़ सेफ्टी क्लब बनाकर विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बाएं।

इसमें ट्रेफिक पुलिस को स्कूलों में आमंत्रित करें। उन्होंने नगर परिषद टोंक क्षेत्र में सड़क से ऊंचे सीवरेज चैंबरों को सही करने के लिए आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता प्रियांशु विजय को निर्देशित किया।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रमेश कुमार पुत्र श्री भौरीलाल, जाति जोगीनाथ, उम्र-63 वर्ष, निवासी-134, श्याम मार्ग, ओम शिव कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर का पुत्र यश पाण्डे मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने मे नही है। मेरे अभिभाष्य द्वारा पुत्र को समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था से मेरा पुत्र किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो वह स्वंय एवं व्यक्ति/संस्था स्वंय जिम्मेदार होगें। इसमे मेरे अभिभाष्य का कोई सरोकार नही है।
जयपुर (विजय कुमार गौड़) एडवोकेट
दिनांक :-27/6/2025 मो.नं-9509647123

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री जवाहर लाल पुत्र स्व. श्री चन्द्रप्रकाश निवासी जयपुर का रहने वाला हूं। मेरे अभिभाष्य द्वारा मकान नंबर-782 नाहरी का नाका पूर्व योजना शास्त्री नगर, रामनगर, जयपुर को जिसकी जरिये हकत्याग से श्रीमती पतासी देवी पत्नी स्व. श्री रामकिशन जी से क्रय किया गया है तथा किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में मेरे अधिवक्ता के उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क करे। सूचित रहें।
जयपुर (लोकेश शर्मा), एडवोकेट
दिनांक 27.6.2025 मो. 9782381401

खोया पाया
मेरा Plot No. I-5, अभिनव विहार विस्तार JDA, जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। अमित यादव-9828233889

न्यायालय तहसीलदार, तहसील चौमूं, जिला- जयपुर (राज.)
क्रमांक/भू.अ./2025/3995 (आपत्ति नोटिस) दिनांक:- 26.06.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय में श्री मालीराम शर्मा पुत्र लादूराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी अनन्तपुरा द्वारा ग्राम बड़कोलाई रामनगर के वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 42 स्थित किता 22 रकबा 5.70 हेक्टेयर का हिस्सा 3/16 खाता संख्या 72 स्थित किता 4 रकबा 0.52 हेक्टेयर का हिस्सा 1/3 खाता संख्या 41 स्थित किता 1 रकबा 0.15 हेक्टेयर का हिस्सा 1/6 के खातेदार रामू उर्फ रामलाल पुत्र गंगाबक्स द्वारा करवाई गई वसीयत दिनांक 27.09.2011 के आधार पर अपने नाम नामान्तरकरण खुलवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है मृतक खातेदार रामू उर्फ रामलाल पुत्र गंगाबक्स की खातेदारी भूमि ग्राम बड़कोलाई रामनगर में उपरोक्तानुसार दर्ज रिकार्ड है। उक्त भूमि का प्रार्थी वसीयत के आधार पर अपने हक में नामान्तरकरण खुलवाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र जेरकार है जिसके सम्बन्ध में प्रकिया न्यायालय में विचाराधीन चल रही है। अतः हर आम व खास एवं सम्पत्ति में हितबद्ध रखने वाले को पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इसमें यदि किसी को भी कोई उज्ज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस न्यायालय में कार्य दिवस को व्यक्तिशः अथवा जरिये अभिभाषक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दस्तावेज प्रस्तुत करें निर्धारित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी और विचाराधीन प्रकरण में निर्णय पारित कर पत्रावली निर्णित कर दी जावेगी। यह आपत्ति नोटिस आज दिनांक 25.6.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रांक से जारी किया गया है।
तहसीलदार, चौमूं, तह. चौमूं

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम योगेश से बदलकर योगेश अनेजा रख लिया है। योगेश अनेजा तथा योगेश उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के है। भविष्य में मुझे योगेश अनेजा पुत्र श्री ज्ञान प्रकाश के नाम से जाना जाये। निवासी-828 फ्रन्टियर कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर-302004

I, Rattan Kanwar, mother of No. 2710957L Rank Nk Dashrath Singh (19 Grenadiers), have changed my name from Ratan Kanwar to Rattan Kanwar and date of birth from 01.01.1972 to 07.05.1970. Both refer to the same person.

आम सूचना रामेश्वर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा, उम्र-60 वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी बी-54, ईमली वाला फाटक, सहकार मार्ग, जयपुर (राजस्थान) ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की योजना इन्द्रा गांधी नगर, बगराना, आगरा रोड़, जयपुर के भूखण्ड संख्या 31 एवम् 31ए प्रत्येक का क्षेत्रफल 88.8 वर्गगज के डुप्लीकेट दस्तावेज हेतु आवेदन किया, साथ ही भूखण्डो की फोटो प्रतियाँ, शपथ पत्र, बन्ध पत्र व पुलिस रपट समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये गये तथा उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तावेजात् हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तावेजात् के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे सम्पर्क करें: अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट
मोबाईल नं. 9314511091

कार्यालय नगर निगम, जयपुर, हैरिटेज
हवामहल के पास, बड़ीचौपड़, जयपुर, राजस्थान-302002
क्रमांक: एफ-6( )राजस्व(प्रथम)शाखा/नग्नि/हैरिटेज/2025/127-128 दिनांक : 26.06.2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इण्डस टावर्स लिमिटेड द्वारा नगर निगम जयपुर की सीमा के अन्तर्गत नवीन GBM मोबाइल टॉवर स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका विवरण अधोलिखित है।

S. No.	Site ID	Long/Lat.	Address
1	IN 3334222	26.92035900/ 75.8346810	On Divider, Opp Shop No.403, Ghar Darwaja Bazar Road, Near Ramganj Chopad, Ward No.79, Jaipur

अत: उक्त स्थान पर मोबाईल टॉवर स्थापित करने हेतु किसी संस्था, व्यक्ति या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति कारण एवं दस्तावजों सहित आपत्ति 07 दिवस में निगम कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।
उपायुक्त राजस्व (प्रथम) - नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853
क्रमांक-1773 दिनांक-05/05/25
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 14/197 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 122.40 वर्ग मीटर का आवंटन श्री अवधेश चन्द्र उपाध्याय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 869 दिनांक 30/04/1992 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 08.08.1995 को करवाया गया। श्री अवधेश चन्द्र उपाध्याय की मृत्यु दिनांक 26.01.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी पत्नी श्री आनन्द चतुर्वेदी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की रसीद की प्रति, शपथ पत्र, क्षितपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा (इच्छा पत्र) की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी पत्नी श्री आनन्द चतुर्वेदी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेंगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 4601 दिनांक 18.6.25
जाहिर आम-सूचना
राजस्थान आवासन मंडल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 264/244-B (EWS), (एरिया 50.625 वर्गमीटर), का आवंटन श्री धमेन्द्र नायक पुत्र स्व. श्री छोटू लाल नायक को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8317 दिनांक 04.12.2005 के द्वारा जारी कियया गया था। श्री धमेन्द्र नायक के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 25.05.2011 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री धमेन्द्र नायक द्वारा श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हुकम चन्द अग्रवाल को दिनांक 25.05.2011 को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 05.01.2012 के द्वारा श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम द्वारा आवास मंडल में उक्त आवास में अपना नाम मंडल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुएकि मंडल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम का नाम मंडल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवास. मंडल, जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रेक आमेर स्थान मुख्यालय जयपुर
मंदिर श्री ठाकुर जी विरुद्ध आशा देवी व अन्य
वाद बाबत घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 92/2022
टी आई संख्या 71/2022
बनाम
1. टीनू पुत्री स्व. श्री सरदार पत्नी राजेश, निवासी शिवपुरी टोडी (फार्म वाली ढाणी के पास), पोस्ट मनोहरपुर, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर।
2. सावित्री पुत्री मुरलीधर पत्नी जयपाल यादव, निवासी मु.पो. लखेर, तहसील आमेर, जिला जयपुर
वादी ने आपके विरुद्ध घोषणा व स्थाई निषाज्ञा के लिए वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 30.6.25 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तरदेने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 26.6.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
रीडर
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर मुख्यालय जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट नं. डी-1, कृष्णा नगर-1, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 188.88 वर्गगज है, उक्त सम्पत्ति का पट्टा विलेख जेडीए जयपुर द्वारा दिनांक 16.3.2005 को ज्ञानचंद वधवा के हित में जारी किया गया था, ज्ञानचंद वधवा का स्वर्गवास 3.4.2020 हो गया एवं उनके पुत्र चंदर प्रकाश वधवा का स्वर्गवास दिनांक 17.1.2021 को हो गया ज्ञानचंद वधवा के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनकी पत्नी कौशल्या वधवा पुत्र नरेन्द्र वाधवा, विनोद वधवा पुत्री प्रिया मलिक एं चंदर प्रकाश वधवा के वारिसान में उनकी पत्नी नीता वधवा पौत्र दीपांशु वधवा व पौत्री वर्षा वधवा उनके हिस्से के संयुक्त रूप से उत्तराधिकारी हुये, तत्पश्चात नरेन्द्र वाधवा, विनोद कुमार वधवा, प्रिया मलिक, नीता वाधवा, वर्षा वाधवा, दीपांशु वाधवा ने उक्त वर्णित सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हकत्याग जरिये हक त्याग पत्र दिनांक 15.3.2025 द्वारा कौशल्या वधवा के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार कौशल्या वधवा उक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से मालकिन, स्वाभीनी, अधिकारीणी व काबिज हु। अब रेवती रमन टिकर एवं सुमन टिंकर उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
KEDAR RAM, Advocate
Rajasthn High Court, Jaipur

नगर सुधार न्यास, आबू
क्रमांक-यू.आई.टी.आबू/CMJAY-2015/2025/कैम्प आबू पर्वत SPVI दिनांक :26.06.2025
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यास में आवेदक मैसर्स तिरूपति फाइबर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, निदेशक हरेश जैन, आबूरोड द्वारा राजस्व ग्राम सांतपुर औद्योगिक भूमि क्षेत्रफल 68342.67 वर्गमीटर प्लॉट सं. एस.पी.-1(A) (अविकसित TFI) आबूरोड जिला सिरोही जो कि पिछले 3 वर्षों से भी अधिक समय से बंद होने से मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के प्रावधान संख्या 1-सी(ii) के तहत अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया है। अगर किसी को उक्त अनुमोदन बाबत आपति हो तो निम्न हस्तारक्षरकर्ता के समक्ष सूचना जारी होने के 7 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि समाप्ति के बाद नियमानुसार मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के प्रावधान संख्या 1-सी(ii) के तहत अनुमोदन की कार्यवाही की जावेगी। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	आवेदक का नाम	आवेदित भूमि का विवरण	आवेदित प्रयोजन
1	सांतपुर, आबूरोड	आवेदक मैसर्स तिरूपति फाइबर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, निदेशक हरेश जैन,आबूरोड	औद्योगिक भूमि क्षेत्रफल 68342.67 वर्गमीटर प्लॉट सं.एस.पी.-1(A) (अविकसित TFI) आबूरोड	मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के प्रावधान संख्या 1-सी (ii) के तहत

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.06.2025 को जारी की गई।
-डॉ. अंशु प्रिया(आई.ए.एस.), सचिव नगर सुधार न्यास,आबू

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/5514-515 दिनांक : 25.06.2025
पदम बिहार कॉलोनी योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 5A क्षेत्रफल 221.18 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 870 दिनांक 13.07.2018 नगर विकास न्यास, भरतपुर द्वारा श्री हरी सिंह पुत्र श्री नवल सिंह जाति जाट निवासी - ग्राम भावला, पोस्ट अलीपुर, तह० वैर, जिला भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्री हरी सिंह पुत्र श्री नवल सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 10.06.2025 के द्वारा श्री माधव सिंह पुत्र श्री परमानन्द को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री माधव सिंह पुत्र श्री परमानन्द जाति जाट निवासी - ग्राम परसवाड़ा, तह० नदबई, जिला भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं।
भूखण्ड संख्या 5A, पदम बिहार कॉलोनी, भरतपुर का नाम पविर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 5A, पदम बिहारी कॉलोनी, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)
क्रमांक : न.प.कोट/भूमि/2025/928 दिनांक : 16.6.25
प्रारूप-10
(नियम 6(7))
लोक सूचना
आवेदनकर्ता श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री भोजराज जाति गुर्जर निवासी कांवर नगर, मौहल्ला बासड़ी, तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	क्षेत्र	प्रयोजनार्थ
कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली	बासडी (कोटपूतली)	2178/1701 2179/1701	2.7500 है.	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारं के निर्वापन करकोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन .... को जारी की गई है।
प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली

युवाओं को अत्याधुनिक प्रशिक्षण देकर रोजगारपरक बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

प्रदेश में निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करने के लिए उठाए प्रभावी कदम : मुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हम प्रदेश की आधारभूत संरचना, शिक्षा, कृषि और उद्योग क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए ठोस और दीर्घकालिक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि में एआई के उपयोग से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, युवा अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगारपरक बनेंगे तथा निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण से प्रदेश में उद्योग के परिदृश्य में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव आएगा।

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से बढ़ेगी कृषि उत्पादकता : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को कृषिगत सुधार, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने तथा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के संबंध में बैठक ली।

भजनलाल शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर कृषिगत सुधार, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने तथा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि खेती में एआई को बढ़ावा देने के लिए हमने इस वर्ष के बजट में 'सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एग्रीकल्चर' की स्थापना की घोषणा की है। इसके माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग कर इस क्षेत्र की चुनौतियों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण को बढ़ाया जाए, जिससे कृषि में गुणात्मक वृद्धि हो सके तथा युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर भी उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन, उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतियां लागू करना, सिंगल विण्डो प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन जैसे निर्णयों से प्रदेश में निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार किया गया है।

इसी क्रम में प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाने और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि बजट वर्ष में 2025-26 में डीएमआईसी (दिल्ली मुम्बई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर) से लिंक करते हुए लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है। जो राज्य की लॉजिस्टिक्स क्षमता को नई ऊंचाइयां देगा।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को 'फ्यूचर रेडी-इंडस्ट्री रेडी' बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं को विश्व स्तरीय रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

इस दौरान राज्य में कृषि के क्षेत्र में एआई आधारित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस स्थापित करने, शिक्षा के क्षेत्र में पॉलिटेक्निक स्किल डवलपमेंट सेंटर तथा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

देश के प्रतिष्ठित तीन विश्वविद्यालयों से एकसाथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षर

पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं देश के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद, कौशल विकास, ज्ञान परम्परा में सहयोग एमओयू साइन किया गया।

जयपुर। पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं देश के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद, कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं अन्य क्षेत्रों में परस्पर सहयोग एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश, डॉ. संजय तिवारी, कुलगुरु, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं प्रो. भरत मिश्रा, कुलगुरु, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, मध्य प्रदेश की उपस्थिति रही। सभी विद्वतजनों ने पतंजलि में हो रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि द्वारा किए जा रहे इतिहास लेखन, वनस्पति शास्त्र लेखन, निदान ग्रन्थ, विश्व भेषज संहिता सहित अन्य शास्त्रों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ऋषि क्रांति, योग क्रांति तथा शिक्षा क्रांति का यह सफ़र देश के लाखो लोगो को इसी प्रकार लाभान्वित करता रहेगा ऐसा हमे पूर्ण विश्वास है।

मुझे बदनाम करने से तुम्हारा काम बनता है तो चलो एक अहसान और सही: शेखावत

- अशोक गहलोत ने अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए मेरा नाम संजीवनी सोसाइटी प्रकरण में घसीटा, परंतु बुरी तरह असफल रहे : गजेन्द्र सिंह

जयपुर/जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। उच्च न्यायालय ने भी मुझे दोषमुक्त माना है। गहलोत स्वयं भली-भांति जानते थे कि मैं निर्दोष हूं। मेरा एकमात्र 'दोष' यह है कि मेरे परिश्रम और जोधपुरवासियों के मुझसे अपार स्नेह से न केवल उनके पुत्र, बल्कि स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

अशोक गहलोत के बयानों पर शेखावत ने कहा, मुझे बदनाम करने से तुम्हारा काम बनता है, तो चलो एक अहसान और सही। उन्होंने कहा कि मैं अशोक गहलोत से आग्रह करता हूं कि वे संजीवनी प्रकरण के पीड़ितों की वेदना का उपयोग अपने राजनीतिक स्वार्थ और पुत्र की देवतुल्य जनता द्वारा रचित पराजय की खीझ निकालने के लिए न करें। इसके बजाय यदि वे सरकार का मुखिया रहते हुए मुझे फंसाने के बजाय ईमानदारी से पीड़ितों को राहत पहुंचाने का प्रयास करते तो पीड़ितों का कुछ भला अवश्य हो सकता था।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने गहलोत पर तंज कसा कि भाजपा की प्रचंड विजय के चलते अपने ही दल में अप्रासंगिक हो जाने के कारण यदि मेरे नाम की माला जलाने से आपका अपनी पार्टी में कुछ भला हो जाए तो इसे भी मैं अपना उन पर एक और अहसान ही मानूंगा।

197 ग्राम ड्रग्स व तस्कर पकड़ा

जयपुर/प्रतापगढ़ /कोटा। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर सेल के अधिकारियों ने प्रतापगढ़ बस स्टैंड, प्रतापगढ़ (राजस्थान) में एक व्यक्ति से 197 ग्राम अवैध एमडी (मेफैड्रोन) बरामद उसे गिरफ्तार किया। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि (सीबीएन) को एक विशेष सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्रतापगढ़ बस स्टैंड से मंदसौर की ओर अवैध एमडी (मेफैड्रोन) ले जाएगा। इस पर कार्यवाही करने के लिए सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और और रवाना किया गया। टीम ने इस मार्ग पर कड़ी निगरानी रख कर उस व्यक्ति की पहचान कर प्रतापगढ़ बस स्टैंड पर उसे रोककर उसके पास से 197 ग्राम अवैध एमडी (मेफैड्रोन) बरामद की।

विदेश यात्रा और विवाह की 50वी वर्षगांठ पर देवनानी का अभिनंदन

विधायकों और विधानसभा अधिकारियों ने 50 किलो फूलों की माला पहनाकर दी शुभकामनाएं

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को फ्रांस और जर्मनी की सफल अध्ययन यात्रा और देवनानी एवं उनकी धर्मपत्नी इंद्रा देवनानी के विवाह की 50वीं वर्षगांठ पर विधायकों और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 50 किलोग्राम फूलों की माला पहनाकर बधाई एवं शुभ कामनाएं दी। शुक्रवार को दिन भर विधानसभा और राजकीय निवास पर देवनानी से मिलने वालों का तांता लगा रहा।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनकी धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा देवनानी से लगातार परिवार एवं सामाजिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरणा, सहयोग एवं संबल मिल रहा है।

विकास चौधरी, मनीष यादव, नरेंद्र बुडानिया, ताराचंद जैन, रेवतराम राम, विश्वनाथ, दीपचंद खेरिया, जीवतराम, पूसाराम, देवीसिंह शेखावत, उदयलाल डांगी, कैलाशचंद मीणा, चुन्नीलाल, सुभाष मील, धर्मपाल, ललित यादव, श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी, हंसराज मीणा, शोभा चौहान सहित अनेक विधायको ने देवनानी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सार्वजनिक जीवन की उत्कृष्ट सेवाओं तथा वैवाहिक जीवन के लिए मंगल कामनाएं दी। इस मौके पर विधायक और विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने देवनानी का अभिनन्दन किया और उनके नैतिक मूल्यों, सार्वजनिक जीवन में मर्यादा व दांपत्य जीवन में समर्पण को प्रेरणा स्वरूप स्मरण किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी देवनानी को बधाई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और प्रदेश के कई मंत्रीगण, विधायकगण, सांसदगण अन्य जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को फ्रांस और जर्मनी की सफल अध्ययन यात्रा और उनके विवाह की 50 वीं वर्षगांठ के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। सहकारिता मंत्री गोतम दत्त और प्रतिपक्ष के नेता जूली ने विधान सभा पहुँचकर देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

'अपीलीय अधिकारियों को न्यायिक अकादमी में ट्रेनिंग दिलाना सुनिश्चित करें मुख्य सचिव'

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने खेल सचिव की ओर से अपीलीय अधिकारी के तौर पर सुनवाई के दौरान अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली पर असंतुष्ठता जाहिर की है। अदालत ने कहा कि खेल सचिव को अपीलीय अधिकारी के रूप में कार्य करने का अधिकार दिया है, जबकि वह स्वयं अपील का निर्णय करते समय अपनाई गई प्रक्रिया से अनभिज्ञ थे।

इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि अपीलीय अधिकारी को किसी भी अपील पर निर्णय लेने से पहले कम से कम 5 से 7 दिन के लिए राजस्थान न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण लेना चाहिए। इसके साथ ही यह उन सभी प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होता है, जिन्हें किसी भी कानून के तहत किसी भी अपील पर निर्णय लेने की शक्ति दी गई है। जिससे अपील के निर्णय के दौरान न्याय में चूक ना हो। यह कदम इसकी जरूरी है, क्योंकि जमीनी स्तर पर अधिकारियों और अपीलीय अधिकारियों के पास आम आदमी को न्याय देने के लिए शक्तियां प्राप्त हैं, लेकिन अगर वे गलती करते हैं तो पीड़ित व्यक्ति के आंसू पोंछना बहुत मुश्किल होता है।

जस्टिस अशोक जैन की एकलपीठ ने यह आदेश राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत मलिक की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में अपीलीय अधिकारी का गत 28 अक्टूबर के आदेश को निरस्त करते हुए सभी पक्षों को सुनवाई का मौका देकर तीन माह में नए सिरे से निर्णय करने के लिए मामला अपीलीय अधिकारी के पास भेजा है। वहीं अदालत ने अपीलीय अधिकारियों को किसी भी अपील पर निर्णय लेने से पहले न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करने के लिए आदेश की कॉपी मुख्य सचिव को भेजी है।

याचिका में अधिवक्ता तनय जैन ने याचिकाकर्ता ने स्वयं को टीटी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने का दावा करते हुए संयुक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां की 23 फरवरी, 2024 की जांच रिपोर्ट को खारिज करने के संबंध में अपीलीय अधिकारी के तौर पर काम कर रहे खेल सचिव के समक्ष अपील दायर की थी। अपीलीय अधिकारी ने बिना कारण बताए और याचिकाकर्ता को सुने बिना अपील को खारिज कर दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि अपीलीय अधिकारी ने विधि के प्रावधानों की पालना किए बिना केवल मशीनी अंदाज में आदेश पारित किया है। ऐसे में अपीलीय अधिकारी के आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने अपीलीय अधिकारियों को न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के संबंध में मुख्य सचिव को दिशा-निर्देश दिए हैं।

अर्द्ध न्यायिक अधिकारी कंप्यूटराइज्ड प्रोफार्मा निर्मित आदेश जारी नहीं कर सकते : हाईकोर्ट

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने ने जीएसटी से जुड़े मामले में कहा है कि अर्द्ध न्यायिक अधिकारी कंप्यूटराइज्ड प्रोफार्मा में निर्मित आदेश जारी नहीं कर सकते और ना ही यह आदेश की श्रेणी में आते हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह निर्देश विष्णु इलेक्ट्रिकल्स की याचिका पर दिया। खंडपीठ ने अपीलेट अथॉरिटी को निर्देश दिया है कि वह दोनों पक्षों को सुनकर मामले का निस्तारण करे।

मामले से जुड़े अधिवक्ता डीपी शर्मा ने बताया कि धारा 169 के तहत जीएसटी अफसरों का दायित्व है कि वह आदेश की सूचना संबंधित व्यक्ति को दे। आदेश को पोर्टल पर अपलोड करना सूचित करने की श्रेणी में नहीं आता है।

वहीं अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार ऐसी सूचना काल्पनिक मानी जाएगी।

दूसरी ओर अपीलेट अथॉरिटी ने कंप्यूटराइज्ड प्रोफार्मा में ही आदेश दिया है और प्रार्थी को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया है। ऐसे में अपीलेट अथॉरिटी का आदेश निरस्त कर मामले में विधिक प्रावधानों पर नए सिरे से आदेश दिया जाए।

जे.ई.सी.सी. की तर्ज पर जयपुर के विद्याधर नगर में 6318 वर्गमीटर जमीन पर बनेगा कन्वेंशन सेंटर

सांगानेर में 2782 वर्गमीटर जमीन पर विकसित होगी जयपुर की सबसे बड़ी पार्किंग

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 212वीं बैठक जेडीए के मंथन सभागार में जेडीए आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनहितैषी और विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भूमि/भूखंड आवंटन के प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

- नारायण विहार पुलिस थाने के लिए निजी खातेदारी की नारायण सागर विस्तार योजना में 1469 वर्गगज जमीन आवंटित

ग्राम रागपुरा रूपा (तहसील सांगानेर) में 2782 वर्ग मीटर भूमि को मास्टर प्लान में दर्शित स्पेशल एरिया के तहत पार्किंग के लिए आरक्षित करने का निर्णय लिया। यह निर्णय जयपुर शहर में बढ़ती पार्किंग की समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण साबित होगा।

जेईसीसी की तर्ज पर एम.आई.सी.ई. सेंटर (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेस, एग्जीबिशन) के निर्माण के लिए विद्याधर नगर योजना के सेक्टर-7 में 6318 वर्ग मीटर भूमि के आवंटन को मंजूरी दी गई।

यह केंद्र जयपुर को एक प्रमुख व्यापार और पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

निजी खातेदारी की आवासीय योजना नारायण सागर विस्तार में सुविधा क्षेत्र की 1669.22 वर्गगज भूमि प्रस्तावित पुलिस थाना नारायण विहार के प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों के लिए आवंटन करने का फैसला लिया।

इसी तरह निजी खातेदारी की योजना पर्ल रिंगेलिया के सुविधा क्षेत्र के भूखंड संख्या एफ-1 क्षेत्रफल 3300 वर्ग गज (2759.13 वर्ग मीटर) भूमि का स्कूल निर्माण के लिए आवंटन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया, जो शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करेगा।

निजी खातेदारी की योजना पर्ल रिंगेलिया के सुविधा क्षेत्र के भूखंड संख्या एफ-2 क्षेत्रफल 3800 वर्ग गज (3177.18 वर्ग मीटर) का हॉस्पिटल निर्माण के लिए आवंटन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता मिले।

जयपुर विकास प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 212वीं बैठक जेडीए के मंथन सभागार में जेडीए आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इसी तरह राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविधालय प्रताप नगर, सांगानेर के सामने की तरफ मरीजों के परिजनो के लिए धर्मशाला के लिए भूमि आवंटन का प्रस्ताव भी राज्य सरकार को भिजवाया जायेगा।

ग्रेटर नगर निगम को बायोमेडिकल वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमवारामगढ़ तहसील के ग्राम लांगडियावास में 4 हैक्टेयर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दी गई, ताकि जयपुर शहर में बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन की हालात सुधारी जा सके।

इसके अलावा जयपुर विकास प्राधिकरण की लालचंदपुरा आवासीय योजना के भूखंड संख्या बी-190, बी-192, बी-194, बी-196, बी-198, बी-199, बी-201, बी-202, बी-214 कुल 9 भूखंड जो खसरा सीमा से प्रभावित हो रहे थे, उनके स्थान पर योजना के रिक्त भूखंडों में लॉटरी से आवंटन करने का निर्णय भी लिया। जेडीए की हीरालाल शास्त्री नगर योजना में सृजित भूखंड संख्या डी-1 से डी-16 का मौके पर 9 मीटर का पहुंच मार्ग निजी खातेदारी की भूमि से प्रभावित होने के कारण, आवंटित भूखंड संख्या डी-3, डी-4, डी-5, डी-6, डी-8, डी-9, डी-12 व डी-16 के स्थान पर विनिमय द्वारा समान क्षेत्रफल के अन्य भूखंड आमजन सूचना प्रकाशन के उपरांत लॉटरी से नियमानुसार आवंटन करने का फैसला लिया।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार दोपहर को झमाझम बारिश हुई तो देखते ही देखते सड़कों पर पानी भर गया। जयपुर-सीकर मुख्य मार्ग पर ड्रेनेज कार्य अधरझूल में पड़ा होने के कारण यहां सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बहता रहा। इस गंदगी की बदबू के कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। फोटो-राष्ट्रदूत

बजट घोषणा के मुताबिक तीन सैटेलाइट हॉस्पिटल्स को मंजूरी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा बजट वर्ष 2025-26 के दौरान की गई स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी घोषणा के तहत जयपुर जिले के मुरलीपुरा, प्रतापनगर जयपुर और कांकरोली-राजसमंद में 50-50 शैय्याओं वाले तीन नए सेटेलाइट चिकित्सालय स्थापित किए जाएंगे।

- जयपुर में मुरलीपुरा और प्रतापनगर तथा कांकरोली राजसमंद में 50-50 बैड के अस्पताल खुलेंगे

इन अस्पतालों के संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों में कुल 101 नवीन पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ, सफाईकर्मी आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 4 पदों को समाप्त कर तथा 3 पदों को मशीन विद मैन सेवा के माध्यम से संचालित किया जाएगा।इन अस्पतालों में मरीजों को शीघ्र, सुलभ और सशक्त उपचार उपलब्ध कराने हेतु अत्याधुनिक तकनीक व स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा, सफाईकर्मियों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाएगी, जिसमें प्रत्येक अस्पताल में 4 कर्मियों सहित कुल 12 सफाईकर्मी नियोजित होंगे।राज्य सरकार का यह निर्णय ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय प्रयास है।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होगी लेकिन अब खुद नदीम ने खुलासा करते हुए कहा कि वह अगली बार किसी प्रतियोगिता में खेलते दिख सकते हैं।
- नीरज चोपड़ा

भारतीय एथलीट, पाकिस्तान के अरशद नदीम के बारे में बोलते हुए।

आज का खिलाड़ी

मोहम्मद शमी

भारतीय तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन से टीम इंडिया के सीनियर खिलाडी मोहम्मद शमी भी नाखुश नजर आए। शमी ने कहा कि भारतीय टीम के अन्य गेंदबाजों को बुमराह से बात करनी चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। । बुमराह ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट लिए थे, उन्हें उनके साथ योजना बनाने और उनका समर्थन करने के बारे में बात करनी चाहिए। अगर अन्य गेंदबाज बुमराह का समर्थन करेंगे तो हम आसानी से मैच जीत जाएंगे। अगर मैं पहले मैच की बात करूं तो मुझे लगता है कि हमें गेंदबाजी में थोड़ा काम करने की जरूरत है।

क्या आप जानते हैं ?... साल 1932 में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था, तब से लेकर अब तक लगातार कभी भारतीय टीम इंग्लैंड गई तो कभी इंग्लैंड की टीम भारत आई और ये सिलसिला अभी तक जारी है।

आरसीए विवाद गर्माया : जिला क्रिकेट संघों ने खेल विभाग, परिषद के खिलाफ हल्ला बोला

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह आरसीए को बिखेरने का काम कर रहे है : राजेन्द्र सिंह नांदू

जयपुर, 27 जून। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी घमासान फिर शुरू हो गया है। शुक्रवार को बीजेपी समर्थक जिला क्रिकेट संघ होने खेल विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राजस्थान क्रिकेट संघ से संबंधित जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव और आरसीए एडहॉक समिति के सदस्य विमल शर्मा, नागौर जिला क्रिकेट संघ के सचिव आर एस नांदू, जालौर जिला क्रिकेट संघ के सचिव सतीश व्यास, भरतपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघ्न तिवारी और डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपस्थित रहे और खेल विभाग और खेल परिषद पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला क्रिकेट संघों के पदाधिकारियों ने बीजेपी राज में कांग्रेसी नेता आरसीए में कांग्रेस राज में हुआ भ्रष्टाचार को बचाव करने का आरोप लगाया। खेल मंत्री ने अपनी आंखें बंद कर रखी है। ऐसे में अब हम मुख्यमंत्री तक अपनी गुहार लगाएंगे ताकि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जारी अनियमितताओं पर अंकुश लग सके।

नागौर जिला क्रिकेट संघ के सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह नांदू ने कहा कि खेल विभाग द्वारा राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को विकृत करने का काम किया जा रहा है। जितने भी जिला क्रिकेट संघ भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। वहां पर खेल संघ के ऑब्जर्वर तक नहीं भेजे जाते हैं। बल्कि, उन्हें बेवजह नोटिस जारी किए जा रहे है। जबकि कांग्रेस समर्थित जिला क्रिकेट संघ के खिलाफ अगर कोई जांच भी चलती है। तो उसे रोक दिया जाता है।

नांदू ने कहा कि नागौर जिला क्रिकेट संघ को बेवजह नोटिस दिए जा रहे हैं। जिसे हाईकोर्ट की दखल के बाद वापिस ले लिया जाता है। इसके बाद खेल विभाग का दुरुपयोग कर खेल सचिव मुझे नोटिस जारी करते हैं। जबकि कांग्रेसी नेताओं के समर्थित पाली जिला क्रिकेट संघ के खिलाफ जांच को रोक दिया गया है। इसलिए हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि वह राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के जिला संघों से जुड़ी सभी पत्रावलियों को खुद के पास मंगवाकर उसकी निष्पक्ष जांच करवाए ताकि उन्हें भी हमारे साथ हो रहे दुर्व्यवहार का पता चल सके।

उन्होंने कहा कि भरतपुर, धौलपुर जिला क्रिकेट संघ के चुनाव में खेल विभाग ने ऑब्जर्वर नहीं भेजा। बीजेपी विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे के चुनाव में भी ऑब्जर्वर नहीं भेजा गया। लेकिन वहीं कांग्रेस के धारणिया के चुनाव में ऑब्जर्वर भेजा गया।

नांदू ने कहा कि बीजेपी समर्थक सभी जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी चाहते हैं कि मुख्यमंत्री बीजेपी विधायक और एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी को बुलाकर उनसे आरसीए की हकीकत को समझे ताकि उन्हें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की हकीकत का पता चल सके। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा आरसीए के संसाधनों का उपयोग कर राजस्थान रॉयल्स को फायदा पहुंचाया गया है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में हमारी मशीनरी और कर्मचारियों को काम में लिया जा रहा है। लेकिन हमें ही वहां से बेदखल कर दिया गया है। हम जानना चाहते है कि राजस्थान रॉयल्स को किस आधार पर खेल परिषद ने भुगतान किया। इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कितने पास राजस्थान रॉयल्स ने खेल विभाग को दिए। वह पास किन-किन लोगों तक पहुंचे। इन सभी पहलुओं की जांच होनी जरूरी है।

नांदू ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबलों के आयोजन की जिम्मेदारी दी थी। अगर हम चाहते तो जोधपुर के बरकतुल्लाह खान क्रिकेट स्टेडियम में भी इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन करवा सकते थे। लेकिन हम मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल करवाना चाहते थे। इसलिए हम आईपीएल के आयोजन के दौरान चुप थे।

